संख्या 243 /उन्तीस (1)/08–(01पे0)/2001

प्रेषक,

अजय सिंह नबियाल,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. मुख्य अधिशासी अधिकारी,
जल एवं स्वच्छता मिशन,
देहरादून।
2. निदेशक,
स्वजल परियोजना,
देहरादून।

पेयजल अनुभाग–1 देहरादून : दिनांक 04 मार्च, 2008

विषय : **राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन एवं उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता सेक्टर कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अन्तर्गत पदों का सृजन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स्वजल परियोजना के पत्र 268/E-1(V))/2007 दिनांक 08 मई, 2007 एवं संख्या 607/E-1(V))/2007 दिनांक 15 जून, 2007 तथा जल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र संख्या 170/एएफ–31/2007–08 दिनांक 06 जुलाई, 2007 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन तथा परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना के द्वितीय चरण हेतु परियोजना अवधि नवम्बर, 2012 तक निम्न अस्थाई पदों को उनके नाम के सम्मुख अंकित वेतनमान में पूर्व में सृजित पदो, जिसकी निरन्तरता शासनादेश संख्या 380/उन्तीस(1)/07–(01पे0)/2001 दिनांक 16.04.2007 द्वारा जारी की गयी है, का पुनर्गठन करते हुए पुनरीक्षित संरचनात्मक ढांचे का गठन दिनांक 01 मार्च, 2008 से दिनांक 28 फरवरी, 2009 तक बशर्ते कि इसके पूर्व ही बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, निम्नवत् किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क्र0	पद का नाम	वेतनमान (रूपये में)	पुनरीक्षित/अनुमोदित पदों की संख्या	पात्रता
01	02	03	04	05

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के प्रतिनियुक्ति के पद/अतिरिक्त प्रस्तावित पद

1.	मुख्य अधिशासी अधिकारी	18400– 22400	01	सचिव स्तर का अधिकारी अथवा ऐसा अधिकारी जिसकी कम से कम 12 वर्ष की सेवा हो गयी हो या ऐसे अधिकारी जो रू0 16400–20000 के वेतनमान मे हों तथा जो विश्व बैंक की योजना/ग्राम्य विकास योजनाओं मे समन्वय कर चुका हो, जो पदेन अपर सचिव पेयजल भी होगा।

2.	मुख्य अभियन्ता	16400– 20000	02	उत्तराखण्ड पेयजल निगम / जल संस्थान से प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रस्तावित वेतनमान से एक क्रम नीचे के अनुभवी अधिकारी।
3.	राज्य समन्वयक पर्यावरण	12000– 16500	01	राज्य वन सेवा के स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के अधिकारी।
4.	अधिशासी अभियन्ता	10000– 15200	02	उत्तराखण्ड पेयजल निगम / जल संस्थान से प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रस्तावित वेतनमान से एक क्रम नीचे के अनुभवी अधिकारी।
5	वित्त नियन्त्रक	16400–20000	01	राज्य वित्त सेवा का वर्ग–क का प्रस्तावित वेतनक्रम से नीचे का अधिकारी हो तथा विश्व बैंक परियोजना का अनुभव प्राप्त हो।
6.	लेखाकार	5500–9000	01	कम्प्यूटर का ज्ञान वांछनीय। प्रतिनियुक्ति हायर्ड बेसिस योग्यतानुसार पार्ट टाइम विशेषज्ञ Out Source निर्धारित दर पर जो संचालन मण्डल द्वारा अनुमोदित होगा।
7.	कार्यालय प्रबन्धक	5000–8000	01	उत्तराखण्ड पेयजल निगम / उत्तराखण्ड जल संस्थान से प्रस्तावित वेतनमान से एक क्रम नीचे का कार्मिक।
	कुल योग		09	

अनुबन्ध के आधार पर

1	वित्तीय प्रबन्धन विशेषज्ञ	रू0 12000 / प्रतिमाह न्यूनतम।	01	पद की योग्यता के आधार पर अनुबन्ध द्वारा।
2	मूल्यांकन एवं अनुश्रवण विशेषज्ञ	रू0 12000 / प्रतिमाह न्यूनतम।	01	–तदैव–
3	सहायक प्रबन्धन सूचना प्रकल्प विशेषज्ञ	रू0 10000 / प्रतिमाह न्यूनतम।	01	–तदैव–
	कुल योग		03	

हायर्ड बेसिस के आधार पर

1	वैयक्तिक सहायक	6500–10500	01	उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 द्वारा पद की योग्यता के अनुसार अनुबन्ध के आधार पर / प्रतिनियुक्ति।
2	आशुलिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर	5000–8000	01	–तदैव–
3	डाटा इन्ट्री आपरेटर	4000–6000	02	–तदैव–
4	डाक रनर	2650–4000	03	–तदैव–
	कुल योग		07	

परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल
प्रतिनियुक्ति के आधार पर

1	निदेशक	18400– 22400	01	भारतीय प्रशासनिक सेवा/अन्य सेवाओं के स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वरिष्ठ अधिकारी।
2	अपर निदेशक	16400– 20000	01	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी अधिकारी अथवा वेतनमान रू0 12000–16500 में कार्यरत कम से कम 5 वर्ष की सेवा कर चुके अधिकारी।
3	वित्त नियन्त्रक	16400– 20000	01	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के राज्य वित्त सेवा के अधिकारी अथवा वेतनमान रू012000–16500 के 5 वर्ष की सेवा कर चुके अधिकारी।
4	यूनिट कोऑडिनेटर (ऑपरेशन एण्ड सोशल डेवलेपमेन्ट)	12000– 16500	01	स्वीकृत वेतनमान रू0 10000–15200 में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अधिकारी अथवा वेतनमान रू0 8000–13500 में कार्यरत कम से कम 10 वर्षों का परियोजना/सेक्टर का अनुभव रखने वाले अधिकारी।
5	यूनिट कोऑडिनेटर (सैनीटेशन एण्ड हाइजैन प्रमोशन)	12000– 16500	01	प्रान्तीय चिकित्सा सेवा के स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 10000– 15200 में कार्यरत परियोजना/ सेक्टर के अनुभवी अधिकारी अथवा प्रान्तीय चिकित्सा सेवा के वेतनमान रू0 8000–13500 में कार्यरत कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले चिकित्सा अधिकारी।
6	यूनिट कोऑडिनेटर (तकनीकी)	12000– 16500	01	प्रान्तीय सेवा के स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 10000–15200 में कार्यरत उपलब्ध एवं अनुभवी अधिकारी अथवा वेतनमान रू0 8000–13500 में कार्यरत कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले अधिकारी।
7	यूनिट कोऑडिनेटर (मानव संसाधन विकास)	12000– 16500	01	–तदैव–
8	यूनिट कोऑडिनेटर (पर्यावरण)	12000– 16500	01	–तदैव–
9	यूनिट कोऑडिनेटर (मूल्यांकन एवं अनुश्रवण)	12000– 16500	01	–तदैव–
10	क्षेत्रीय प्रबन्धक	12000– 16500	02	–तदैव–
11	परियोजना अधिकारी (संविदा एवं लेखा)	10000– 15200	01	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 8000– 13500 में कार्यरत अधिकारी अथवा वेतनमान रू0 6500–10500 में

				कार्यरत कम से कम 7 वर्षो का अनुभव रखने वाले अधिकारी।
12.	कार्यालय प्रबन्धक	5000–8000	01	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कर्मचारी अथवा वेतनमान रू0 4000–6000 में कार्यरत कम से कम 7 वर्ष के अनुभवी कार्मिक।
13	कैशियर / लेखाकार	5500–9000	01	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक।
14.	प्रबन्धक (लेखा)	7450–11500	02	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार अथवा वाणिज्य स्नातक के साथ कम से कम 7 वर्ष सहायक लेखाकार के पद के अनुभवी कर्मचारी।
	कुल योग		16	

एसाइनमेन्ट के आधार पर

1	सामुदायिक स्वच्छता एवं सफाई विशेषज्ञ	परियोजना की वित्तीय समिति द्वारा निर्धारित किया जायेगा।	01	पद की योग्यतानुसार अनुबन्ध के आधार पर।
2	महिला विकास विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
3	तकनीकी सलाहकार	–तदैव–	02	–तदैव–
4	स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
5	प्रशिक्षण एवं संचार विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
6	सूचना प्रबन्धन प्रणाली विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
7	मूल्यांकन एवं अनुश्रवण विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
8	नेटवर्किंग विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
9	सामुदायिक विकास विशेषज्ञ	–तदैव–	02	–तदैव–
10	जल गुणवत्ता अनुश्रवण विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
11	सांख्यिकी विश्लेषक	–तदैव–	01	–तदैव–
12	प्रोक्योरमैंट विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
13	पर्यावरणीय विशेषज्ञ	–तदैव–	01	–तदैव–
	कुल योग		15	

हायर्ड बेसिस के आधार पर

1	वैयक्तिक सहायक	6500–10500	1	प्रस्तावित वेतनमान से एक कम नीचे के कार्मिक, प्रतिनियुक्ति पर जिसे स्टेनोग्राफी / कम्प्यूटर का अनुभव।
2.	सहायक लेखाकार	4500–7000	2	उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 द्वारा पद की योग्यतानुसार अनुबन्ध पर।

3	सहायक प्रोग्रामर	5000–8000	2	–तदैव–
4.	आशुलिपिक	5000–8000	2	–तदैव–
5.	फील्ड असिस्टेंट	5000–8000	1	–तदैव–
6.	डाटा एन्ट्री आपरेटर	4000–6000	13	–तदैव–
7.	रिकार्ड कीपर	4000–6000	1	–तदैव–
8.	वाहन चालक	4000–6000	3	–तदैव–
9.	कार्यालय सहायक	3050–4590	2	–तदैव–
10.	बहुउद्देशीय कर्मी (Multi Task Attandent)	2550–3200	5	–तदैव–
11.	डाक रनर	2650–4000	2	–तदैव–
12	सुरक्षा गार्ड	2650–4000	4	–तदैव–
	कुल योग		38	

जनपदीय परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) प्रतिनियुक्ति के आधार पर

1	परियोजना प्रबन्धक	12000– 16500	13	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 10000– 15200 में कार्यरत सेक्टर/ परियोजना का अनुभव रखने वाले अधिकारी/अभियन्ता अथवा रू0 8000–13500 में कार्यरत कम से कम 10 वर्ष कार्यानुभव रखने वाले अधिकारी/अभियन्ता।
2	उप परियोजना प्रबन्धक	10000– 15200	13	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 8000– 13500 में कार्यरत सेक्टर/ परियोजना का अनुभव रखने वाले अधिकारी/ अभियन्ता अथवारू0 6500–10500 में कार्यरत कम से कम 10 वर्ष कार्यानुभव रखने वाले अधिकारी/ अभियन्ता।
3	प्रबन्धक (लेखा)	7450–11500	13	स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार अथवा वाणिज्य स्नातक के साथ कम से कम 7 वर्ष सहायक लेखाकार के पद के अनुभवी अधिकारी।
	कुल योग		39	

जनपदीय परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) अनुबन्ध के आधार पर

1	सामुदायिक विकास विशेषज्ञ	वित्त समिति के निर्णय के अनुसार।	26	पद की योग्यतानुसार अनुबन्ध के आधार पर।
2	तकनीकी सलाहकार	–तदैव–	36	–तदैव–
3	स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विशेषज्ञ	–तदैव–	13	–तदैव–
4	पर्यावरणीय विशेषज्ञ	–तदैव–	13	–तदैव–
	कुल योग		88	

	हायर्ड के आधार पर			
1	सहायक लेखाकार	4500–7000	13	उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 द्वारा पद की योग्यतानुसार अनुबन्ध / प्रतिनियुक्ति पर।
2	सहायक प्रोग्रामर	5000–8000	13	–तदैव–
3	डाटा एन्ट्री आपरेटर	4000–6000	13	–तदैव–
4	गार्ड	2650–4000	52	–तदैव–
5	डाक रनर	2650–4000	13	–तदैव–
	कुल योग		104	
	ब्लाक समन्वयक कार्यालय			
1	ब्लाक समन्वयक	न्यूनतम रू0 8000/– प्रतिमाह अनुबन्ध आधार पर।	30	पद की योग्यतानुसार अनुबन्ध के आधार पर।
2	प्रवर सहायक एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर	4000–6000	30	उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 द्वारा पद की योग्यतानुसार अनुबन्ध / प्रतिनियुक्ति पर।
3	डाक रनर	2650–4000 हार्यड बेसिस पर	30	–तदैव–
	कुल योग		90	

2. सपोर्ट स्टाफ के पदों को उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 अथवा अन्य किसी राजकीय संस्थानों से केवल परियोजना अवधि तक के लिए संविदा / अनुबन्ध पर लिया जायेगा। जिससे परियोजना समाप्त होने पर राज्य सरकार पर इसके कारण कोई अतिरिक्त व्यय भार न आने पाये।

3. अस्थाई रूप से सृजित पदों के धारकों को वेतन के साथ–साथ शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ते व अन्य भत्ते देय होंगे। इन पदों को बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी समाप्त किया जा सकता है।

4. प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने वाले सभी पद सीमित समयावधि के लिये प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जायेगे। पेयजल विभाग एवं पैतृक विभाग का दायित्व होगा कि प्रतिनियुक्ति के फलस्वरूप रिक्त हुये पदों पर कोई भी नई नियुक्ति नही की जायेगी और न ही इन रिक्तियों के विरूद्ध सम्बन्धित विभाग द्वारा दैनिक वेतन एवं संविदा आदि पर कोई नियुक्ति की जायेगी।

5. इन समस्त पदों पर होने वाला व्ययभार विश्वबैंक सहायतित सैक्टरवाइड प्रोग्राम के अन्तर्गत अर्थात होने वाली धनराशि से वहन किया जायेगा।

6. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या 874/XXVII(7)/2008 दिनांक 28 फरवरी, 2008 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अजय सिंह नबियाल)
अपर सचिव

संख्या 243 /उन्तीस (1)/08–(01पे0)/2001 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. आयुक्त ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून।
5. मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून।
6. निजी सचिव, मा0 पेयजल मंत्री, उत्तराखण्ड।
7. स्टाफ आफिसर–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
8. आयुक्त, गढ़वाल/कुमायूँ, पौड़ी/नैनीताल।
9. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
10. वित्त अनुभाग–7
11. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
12. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(नवीन सिंह तड़ागी)
उप सचिव